कार्यालय वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

पत्रांक 3080 / 14–1, दिनांक , मई, 01 2017

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

विषय :– रामपुर–शाहबाद (एम0डी0आर0–53) किमी0 14.531 की दांयी पटरी पर ग्राम पटवाई तह0 शाहबाद के गाटा सं0 450 में इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लि0, बरेली द्वारा विकसित किये जा रहे रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.079 है0 संरक्षित वन भूमि का बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति।

सन्दर्भ :– आपकी पत्र संख्या–2107 / रामपुर / 20803 / 2016 दिनांक 13.04.2017

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा लगायी गयी आपत्तियों का निराकरण प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग,रामपुर द्वारा बिन्दुवार निम्न प्रकार प्रेषित किया गया है। अतः प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग,रामपुर से प्राप्त सूचना /अभिलेख की 2–2 प्रतियां अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु आपकी सेवा में प्रेषित है :–

1:– अनुमोदित ले–आउट प्लान पर अंकित मैटल रोड के सेन्ट्रल बिन्दु से PWD की अन्तिम सीमा की दूरी 24.00 मीटर है। मैटल रोड 7.00 मीटर चौड़ा है जिसका आधा भाग 3.50 मीटर होता है। इस प्रकार 24 मीटर में से 3.50 मीटर घटाने पर 20.50 मीटर की लम्बाई अवशेष रहती है, जिसके अनुसार गणना की गयी है। जो प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या–29 पर संलग्न है।

2:– भू–सन्दर्भि डिजीटल डाटा मानचित्र अनुमोदित ले–आउट प्लान के अनुसार याचक विभाग द्वारा बनवाया गया है। जो प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या–26 पर संलग्न है।

3:– आफलाइन भाग–2 की सूचना संशोधित कर दी गयी है जो प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या–15 पर संलग्न कर दी गयी है।

4:– आफलाइन भाग–1 के बिन्दु संख्या–1(य) की सूचना संशोधित कर दी गयी है जो प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या–10 पर संलग्न है।

5:– आनलाइन पार्ट–2 के बिन्दु संख्या–16 के क्रम में अवगत कराना कि दिनांक 11.01.2017 को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा Site Inspection किया गया। प्रस्तावित रिटेल आउटलेट के प्रवेश एव निकास मार्ग तथा मध्य भाग में प्रभावित वन भूमि 790.18 वर्ग मीटर है अर्थात 0.0790 है0 वन भूमि प्रभावित हो रही है। यह भूमि कम से कम है तथा इस उक्त भूमि के अतिरिक्त इसका कोई विकल्प नहीं है।

6:– आफलाइन पार्ट–2 बिन्दु संख्या–7 से प्रारम्भ होता है।

7:– सूचनाओं को पूर्ण कर दिया गया है। प्रस्ताव पर पृष्ठ संख्या एवं विषय सूची पूर्व से अंकित है।

संलग्नक–यथोपरि ।

भवदीय,

(आर0पी0 वर्मा)
वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

संख्या / 14–1 उक्तदिनांकित

प्रतिलिपिः– प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग,रामपुर को उनके पत्र संख्या–2102 / 14.–1 दिनांक 28.04.2017 के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(आर0पी0 वर्मा)
वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।